हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

बिलासपुर, गुरुवार, 28 मार्च 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



3 नगर में शांतिपूर्वक मनाई गई होली









## खबर संक्षेप

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में आवेदन 18 अप्रैल तक

**बलरामपुर।** प्रदेश में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन किया जाना है। जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग बलरामपुर ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि 18 मार्च से तथा अंतिम तिथि 18 अप्रैल 2024 तक निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार करने के लिए 19 से 26 अप्रैल को रात्रि 12 बजे तक समय घोषित किया गया है। प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 18 मई को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित की जाएगी।

### होली के दिन पुलिस ने बाइकर्स पर की कार्रवाई

**अंबिकापुर।** होली पर्व के दौरान शहर में हुड़दंग करने वालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस द्वारा नाबालिक वाहन चालक, शराब पीकर वाहन चलाने, तीन सवारी व मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने के मामले में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है। बता दें कि एसपी विजय अग्रवाल द्वारा होली पर्व के दौरान दुर्घटनाओं में कमी लाने के साथ ही हुड़दंगियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। एसपी के निर्देश पर होली के दौरान जिलेभर में मोटर व्हीकल के तहत नाबालिक द्वारा वाहन चलाने, शराब पीकर वाहन चलाने, तीन सवारी वाहन चलाने एवं मोबाइल का उपयोग कर वाहन चलाने पर कार्रवाई की गई। वहीं होली में बाइक पर हुड़दंग करने वालों पर सख्ती से बरती गई। इस दौरान थाना कोतवाली में 103 प्रकरण, यातायात थाना में 31 प्रकरण, थाना गांधीनगर में 22 प्रकरण, चौकी रघुनाथपुर में 18 प्रकरण, थाना सीतापुर में 10 प्रकरण, थाना बतौली में 9 प्रकरण, थाना मणीपुर में 8 प्रकरण, थाना उदयपुर में 7 प्रकरण, थाना दरिमा और लुण्ड्रा में 5-5 प्रकरण एवं थाना धौरपुर में 1 प्रकरण में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जब्त कर कार्रवाई की गई।



**रमज़ान मुबारक**
**सत्रहवां रोज़ा**
आज का इफ्तार - 6.15 बजे
कल की सेहरी - 4.28 बजे

### पति-पत्नी ने किसी तरह भागकर बचाई जान

# टार्च जलाकर भाग रहे ग्रामीण को दंतैल ने कुचलकर मारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हाथियों से ग्रामीणों की मौत का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। सुरक्षा नियमों की अवहेलना करने के कारण वन परिक्षेत्र राजपुर अंतर्गत ग्राम लोधीडांड में बीती रात एक ग्रामीण का दंतैल से सामना हो गया। दंतैल ने ग्रामीण को अपने सुंड में लपेटकर पटक दिया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे वरिष्ठ व न अधिकारियों ने मृतक के परिजन को ढांढस बंधाया तथा 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की।

**खास बातें**
- मंगलवार की रात 10 .30 बजे हुई घटना
- आबादी से दूर नदी किनारे घर में मौजूद थे तीनों सदस्य

वनपरिक्षेत्र राजपुर के अलग-अलग क्षेत्रों में 4 दंतैल अकेले घूम रहे हैं। वन अमला एवं हाथी मित्रदल के सदस्य लगातार हाथियों की निगरानी करने के साथ ही आसपास के लोगों को भी हाथियों की मौजूदगी से अवगत करा ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं। मंगलवार की शाम एक दंतैलग्राम नरसिंहपुर में मौजूद था। इधर दंतैल की मौजूदगी से अनजान ग्राम मरकाडांड निवासी रामसुरित आ.फूलचंद (65वर्ष) पैदल महान नदी पार कर देर शाम अपने साढ़ू कमल के घर पहुंचा था। देर रात रामसूरित अपने साढ़ू कमल एवं उसकी पत्नी गलपतिया के साथ गांव से 3 किमी दूर महान नदी के किनारे सूनसान घर में खा-पी रहे थे। इस दौरान पास के खेत में बनी झोपड़ी को दंतैल तोड़ रहा था। हाथी का शोर सुनकर घर में मौजूद तीनों सदस्य बाहर निकले तथा हाथी मित्र दल के सदस्यों द्वारा शोर मचाने पर टार्च जलाकर भागने लगे। ग्रामीण हड़बड़ी में दंतैल के निकट पहुंच गए। सामने दंतैल को खड़ा देख ग्रामीण दूसरी ओर भागते इसके पूर्व ही दंतैल ने रामसुरित को अपने सुंड में लपेट लिया तथा पटककर कुचल दिया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। अन्य दो ग्रामीणों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। सुबह वन अमले ने मृतक का पीएम कराने के उपरांत वरिष्ठ वन अधिकारियों की मौजूदगी में मृतक के परिजन को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की।



घटना स्थल का निरीक्षण करते वन अधिकारी।

### आबादी से 3 किमी दूर है घर

वन परिक्षेत्राधिकारी महाजन साहू ने बताया कि ग्राम नरसिंह में पुश्तैनी घर होने के बावजूद कमल ने आबादी से 3 किमी दूर महान नदी के किनारे अपना घर बनाया है तथा खेत की रखवाली करने के उद्देश्य से अक्सर इसी घर में पत्नी के साथ रहता है। हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए उसे कई बार रात में नहीं रूकने की सलाह दी गई लेकिन हमेशा वह अनसूनी करता रहा। वनकर्मियों ने गांव के सरपंच से भी उसकी शिकायत की लेकिन कोई प्रभाव नहीं पड़ा। मंगलवार को भी वनकर्मी रामसूरित को नदी पार करने से रोक रहे थे लेकिन वह नहीं माना। रात्रि 10.30 बजे पास में ही दंतैल के मौजूद होने की सूचना पर तीनों सदस्य टार्च जलाकर दंतैल की ओर भागने लगे।

### पहुंचे सीएफ एवं डीएफओ

हाथी के हमले में एक ग्रामीण की मौत होने की सूचना पर बुधवार की सुबह वाइल्ड लाइफ सीएफ केआर बढ़ई एवं बलरामपुर वनमण्डलाधिकारी विवेकानंद झा अन्य वन अधिकारियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे तथा स्थिति का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने वन अमला को हाथियों की मौजूदगी की सूचना प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को लाउडस्पीकर के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि ग्रामीण एक-दूसरे को भी स्थिति से अवगत करा सकें साथ ही स्वयं भी सावधानी बरत सकें।

### मुनादी कराने के निर्देश

मृतक के परिजन को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की गई है। हाथियों के उपस्थिति की जानकारी सभी ग्रामीणों को मिल सके इसके लिए परिक्षेत्राधिकारी को लाउडस्पीकर से मुनादी कराने के निर्देश दिए गए हैं।

-विवेकानंद झा
डीएफओ, बलरामपुर

# रिश्तेदार की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

रिश्तेदार को घर में भोजन पर बुलाकर टांगी से हत्या करने के बाद फरार आरोपी का पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना कारित टांगा जब्त किया है। ग्राम दुर्गापुर निवासी भगमनिया ने रामानुजनगर थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराया कि होली के त्यौहार में पड़ोसी रिश्तेदार जगलाल सिंह के बुलावे पर शाम को पति मोतीलाल के साथ गए थे। जगलाल व उसके परिजन खा पी रहे थे। इस बीच भगमनिया घर आ गई जबकि पति रिश्तेदार के घर में ही था। इधर पुत्र पिता को बुलाने गया तो उसके होश उड़ गए। पिता लहूलुहान हालत में मृत पड़ा था। घटना की जानकारी लगते ही पत्नी घर गई तो जगलाल की पत्नी ने बताई कि मामा-भांजा किसी पुरानी बात को लेकर विवाद करने लगे और जगलाल घर से टांगा निकाल कर मोतीलाल गर्दन पर प्राणघात हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर आरोपी जगलाल सिंह आ. स्व. अतिबल (58 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टांगा जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# 20 वर्षों में भाजपा सांसदों ने सरगुजा के लिए कुछ नहीं किया : शशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर


- टिकट वितरण के बाद कांग्रेस प्रत्याशी ने साधा भाजपा पर निशाना, पत्रकारों से की चर्चा

जिपं सदस्य और कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी सुश्री शशि सिंह ने कहा है कि इस बार कांग्रेस पार्टी चुनाव में जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर ही जनता के बीच जा रही है। देश में मोदी के गारंटी की कोई गांरटी नहीं है और यह सभी जान चुके है।

भाजपा ने झूठ और फरेब के सहारे कांग्रेस को चुनाव में हरा दिया लेकिन अब उनका पर्दाफाश हो चुका है। चुनाव में कांग्रेस पार्टी अच्छे मतों से जीतकर आएगी। उक्त बातें कांग्रेस शशि सिंह ने राजीव भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही है। बता दें कि लम्बे इन्तजार के बाद लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। कांग्रेस ने सरगुजा लोकसभा सीट से सांसद प्रत्याशी के रूप में जिपं सदस्य व वरिष्ठ नेता तुलेश्वर सिंह की पुत्री सुश्री शशि सिंह को मैदान में उतारा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हसदेव अरण्य बड़ा मुद्दा है। सरगुजा जैसे आदिवासी अंचल के लिए जल जंगल जमीन की लड़ाई लम्बे समय से रही है। भाजपा के आने के बाद पेड़ों की कटाई की गई और जल जंगल जमीन खतरे में है। महिलाओं की सुरक्षा, युवाओं को नौकरी देने का वादा पूरा नहीं हुआ। आज देश में किसानों की हालत सबसे दयनीय हो गई है।



सुश्री सिंह ने कहा कि विगत 20 वर्षों से सरगुजा में भाजपा पार्टी के सांसद रहे है लेकिन उन्होंने सरगुजा अंचल के लिए कोई उपलब्धि हासिल नहीं की। अंचल में शिक्षा, स्वास्थ्य, आवागमन सुविधा को लेकर सांसद की पहल से केंद्र के माध्यम से जो विकास होने चाहिए थे वो नहीं हुए। यदि चुनाव में कांग्रेस पार्टी को जीत मिलती है तो हमारा प्रयास होगा कि रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जाए। प्रतिद्वंदी प्रत्याशी चिंतामणी महाराज को लेकर कहा कि चिंतामणी पर ईडी ने कार्रवाई की और भाजपा में जाने के साथ ही वे पाक साफ़ हो गए। पार्टी में गुटबाजी को लेकर कहा कि इस पार्टी में कहीं कोई गुटबाजी नहीं है और पहले से ही सभी आपस में मिलकर प्रयास कर रहे है। जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने कहा कि यह चुनाव देश के संविधान व लोकतंत्र को बचाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण चुनाव है। देश के अलग अलग हिस्सों में आज समस्याएं चल रही है। मणिपुर में सिविल वॉर चल रहा है लेकिन आज तक पीएम मणिपुर नहीं लगे। लद्दाख में सोनम वांगचुक का अनशन चला लेकिन किसी ने उनपर ध्यान नहीं दिया। अरुणाचल प्रदेश में चाइना आकर घुसपैठ कर रहा है जम्मू कश्मीर में चुनाव नहीं हुए, इन मुद्दों को जब भी उठाया जाता है तो ध्यान भटकाने के लिए नया मुद्दा भाजपा द्वारा खड़ा कर दिया जाता है। विपक्ष के दो सीएम जेल में है और उन्हें बिना किसी सबूत के सिर्फ आरोप लगाकर जेल भेज दिया गया। कांग्रेस पार्टी के खातों को फ्रीज कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि 400 पार का दावा करने वाली पार्टी इतनी डरी हुई है कि एक एक कर विपक्ष के पैर काटे जा रहे है। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बांड आजाद भारत का सबसे बड़ा करप्शन स्कैम है लेकिन इन मुद्दों से भाजपा ने ध्यान भटकाने के लिए ईडी आईटी के रेड विपक्ष पर कराए जा रहे है। इस दौरान जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, बलरामपुर जिलाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, सूरजपुर जिलाध्यक्ष भगवती राजवाड़े, वरिष्ठ नेता बाल कृष्ण पाठक, शफी अहमद, अजय अग्रवाल, पारसनाथ राजवाड़े, द्वितेन्द्र मिश्रा आदि मौजूद थे।

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 'द पेंगुइन' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज, कॉलिन फैरेल पर टिकीं सबकी निगाहे



कॉलिन फैरेल एक्शन सीरीज में नाइट क्लब मालिक के रूप में अपनी भूमिका दोहरा रहे हैं। द बैटमैन के निर्देशक मैट रीव्स द्वारा निर्मित, ट्रेलर ओसवाल्ड ₹पेंगुइन₹ कोबलपॉट पर नजर डालता है, जो सीरीज में बदला लेता नजर आएगा। मैट रीव्स की द बैटमैन स्पिनर ऑफ सीरीज 'द पेंगुइन' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। कॉलिन फैरेल एक्शन सीरीज में नाइट क्लब मालिक के रूप में अपनी भूमिका दोहरा रहे हैं। द बैटमैन के निर्देशक मैट रीव्स द्वारा निर्मित, ट्रेलर ओसवाल्ड ₹पेंगुइन₹ कोबलपॉट पर नजर डालता है, जो सीरीज में बदला लेता नजर आएगा। कॉलिन फैरेल क्रिस्टिन मिलियोटी के साथ द बैटमैन की अपनी भूमिका को दोहराते हुए पेंगुइन की भूमिका में हैं । ट्रेलर में फैरेल अपने खलनायकी अवतार से फिर से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार नजर आता है। फैरेल को कहते हुए सुना जाता है, "जब मैं एक बच्चा था, एक गैंगस्टर था, असली पुराने स्कूल का प्रकार - रेक्स कैलाब्रेसे; वह बहुत बड़ी बात थी. उन्होंने लोगों की मदद की. उसने तुम्हें सड़क पर देखा, वह तुम्हें बुलाएगा। पेंगुइन फिर आगे कहता है, "जब मैं 14 साल का था, उसे दिल का दौरा पड़ा और वह सिगार पकड़े हुए ही मर गया। मेरे पड़ोस में, वे उनके सम्मान में एक परेड निकालते हैं और यह कोई कल्पना नहीं थी, लेकिन यह इशारा था। प्रेम का प्रदर्शन, उसका क्या मतलब था। क्या आप इस तरह याद किये जाने की कल्पना कर सकते हैं?"टैगलाइन, "मैक्स ओरिजिनल" के साथ समाप्त होने से पहले ट्रेलर विस्फोटों के खलनायक दृश्यों से भरा हुआ है। हालांकि सीरीज ने अभी तक कोई निश्चित रिलीज डेट निर्धारित नहीं की है, लेकिन इसके 2024 के अंत में आने की उम्मीद है। द पेंगुइन के कलाकारों में सोफिया फाल्कोन के रूप में क्रिस्टिन मिलियोटी, सल्वाटोर मारोनी के रूप में क्लेंसी ब्राउन, अल्बर्टो फाल्कोन के रूप में माइकल जेगेन और जॉनी विट्टी की भूमिका में माइकल केली हैं।

## टालीवुड

### 'एनिमल' के निर्देशक की नई फिल्म में नया लोचा, प्रभास का शेड्यूल गड़बड़ाया



प्रभास वर्तमान में अपने अगले बड़े बैनर प्रोजेक्ट, 'कल्कि 2898 एडी' की रिलीज के लिए तैयार हैं। नाग अश्विन निर्देशित इस फिल्म में वह भैरव की भूमिका में होंगे। इसी बीच अभिनेता की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'स्पिरिट' पर बड़ा अपडेट सामने आया है, जिसने उनके फैंस को निराश कर दिया है। अनजान लोगों के लिए, प्रभास की फिल्मों की लाइनअप में से एक प्रोजेक्ट 'स्पिरिट' है, जिसका निर्देशन 'एनिमल' फेम निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा करेंगे। पहले की मीडिया रिपोर्टों ने सुझाव दिया था कि फिल्म 2024 की गर्मियों में फ्लोर पर जाने के लिए तैयार होगी। हालांकि, ताजा रिपोर्ट से पता चला है कि प्रभास के पैक्ड शेड्यूल और संदीप रेड्डी वांगा द्वारा 'स्पिरिट' की स्क्रिप्ट पर समय बिताने के कारण फिल्म की शूटिंग आगे बढ़ गई है। अब इस मूवी के सितंबर महीने में फ्लोर पर जाने के आसार हैं। नवीनतम अपडेट से पता चलता है कि 'स्पिरिट' इस साल रिलीज नहीं हो पाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, संदीप रेड्डी वांगा ने अभी फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम शुरू किया है और इसे पूरा करने में उन्हें चार से पांच महीने लगेंगे। इसके बाद फिल्म की प्री-प्रोडक्शन औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी। फिल्म में प्रभास को एक नेक पुलिस अधिकारी की भूमिका में देखा जाएगा। प्रभास की अगली रिलीज नाग अश्विन की 'कल्कि 2898 एडी' होगी जिसमें वह कमल हासन, अमिताभ बच्चन और दीपिका पादुकोण के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे। फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके बाद प्रभास, मारुति द्वारा निर्देशित फिल्म 'द राजा साहब' पर काम शुरू करेंगे।

'स्पिरिट' का एलान प्रभास की 25वीं फिल्म के रूप में किया गया था। एक इंटरव्यू के दौरान 'एनिमल' के प्रोडक्शन डिजाइनर सुरेश सेलवाराजन ने संदीप रेड्डी वांगा के साथ अपने अगले प्रोजेक्ट 'स्पिरिट' को लेकर बातचीत की। सुरेश ने बताया कि प्रभास अभिनीत 'स्पिरिट' फिल्म 'एनिमल' से काफी बड़ा प्रोजेक्ट होगा। 'स्पिरिट' का निर्माण टी-सीरीज के बैनर तले होने वाला है।

## भोजपुरी

### खनऊ में 'शूरवीर' की शूटिंग पूरी होते ही लोगों के बीच पहुंचे चिंटू और यामिनी

उत्तर प्रदेश के लखनऊ शहर में कई सारी फिल्मों की शूटिंग होती रहती है,



खासकर भोजपुरी फिल्में अक्सर यहां शूट होती हैं। इसी बीच, कई महीनों से भोजपुरी फिल्म 'शूरवीर' की शूटिंग हो रही थी, जो अब पूरी हो चुकी है और इसके एक्टर्स यामिनी सिंह और प्रदीप कुमार चिंटू लोगों के बीच पहुंच गए। उत्तर प्रदेश के किसी भी शहर में आप आजकल चले जाएं, हर बड़े शहरों में आपको कुछ ना कुछ मनोरंजन के खास साधन मिल ही जाएंगे और अब तो खासकर से जब से योगी आदित्यनाथ की सरकार आई है तब से उत्तरप्रदेश में फिल्मों की शूटिंग बहुत अधिक होने लगी है। इसके पीछे निर्माता निर्देशकों को शायद बेहतर कानून व्यवस्था का मिलना ही है, क्योंकि बिना बेहतर कानून व्यवस्था कि कोई सुपरस्टार क्राउड के बीचों बीच खड़े होकर शूटिंग तो नहीं कर सकता। भोजपुरी फ़िल्मि जगत की खूबसूरत एक्ट्रेस यामिनी सिंह और प्रदीप पाण्डेय चिंटू लखनऊ में इसी बात को दिखा रहे हैं। गुरुवार को लखनऊ में एक्टर प्रदीप पाण्डेय चिंटू और यामिनी सिंह की फ़िल्मि 'शूरवीर' की शूटिंग पूरी हो गई। इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान प्रदीप पाण्डेय चिंटू और यामिनी सिंह आम जनता के बीच पहुंच गए।

आ देखें जरा

लाइफ स्टाइल



मुंबई में जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में लैक्मे फैशन वीक 2024 सिद्धार्थ टाइटलर शो के दौरान एक मॉडल का अंदाज ऐसा भी।

# जेल क्लींजर से फेस क्लीन करने से मिलते हैं ये फायदे

अगर आप अपने फेस को क्लीन करने के लिए जेल क्लींजर का इस्तेमाल करते हैं तो इससे आपको कई फायदे मिल सकते हैं। यह स्किन क्लीनिंग के लिए एक अच्छा ऑप्शन है। जब भी स्किन केयर की बात होती है तो उसमें सबसे पहला और जरूरी स्टेप होता है क्लीनिंग। स्किन की क्लीनिंग के बाद ही हम किसी भी स्किन केयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। जब फेस को सही तरह से क्लीन किया जाता है तो इससे सरफेस पर मौजूद गंदगी दूर होती है और क्लीनिंग की मदद से चेहरे पर मौजूद किसी भी तरह की गंदगी को दूर करने में मदद मिलती है। इसके बाद जब किसी प्रोडक्ट को इस्तेमाल किया जाता है तो अधिक बेहतर रिजल्ट मिलते हैं। आजकल फेस क्लीनिंग के लिए भी मार्केट में अलग-अलग ब्रांड्स के कई प्रोडक्ट्स अवेलेबल हैं। इन्हीं में से एक है जेल क्लींजर। जेल बेस्ड क्लींजर चेहरे पर बहुत अधिक लाइट होते हैं। यह ना केवल स्किन को डीप क्लीन करते हैं, बल्कि इससे आपको अन्य भी कई लाभ मिलते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको जेल क्लींजर से मिलने वाले कुछ बेमिसाल फायदों के बारे में बता रहे हैं।

### होती है डीप क्लीनिंग



जब आप जेल क्लींजर का इस्तेमाल स्किन पर करते हैं तो इससे स्किन को डीप क्लीन करने में मदद मिलती है। जेल क्लींजर की यह खासियत होती है कि वे सिर्फ त्वचा की सतह ही नहीं, बल्कि पोर्स से भी गंदगी, तेल, मेकअप और अन्य अशुद्धियों को प्रभावी ढंग से हटाते हैं। उनकी जेल जैसी कंसिस्टेंसी के कारण वे स्किन में गहराई से प्रवेश करते हैं और इससे स्किन की बेहतर क्लीनिंग होती है।

### पीएच लेवल रहता है बैलेंस

जेल क्लींजर का इस्तेमाल करने का एक फायदा यह भी है कि इससे पीएच लेवल को बैलेंस रखने में मदद मिलती है। दरअसल, जेल क्लींजर को इस तरह बनाया जाता है कि वे स्किन के नेचुरल पीएच से मिलते-जुलते हैं। ऐसे में जब आप इसका इस्तेमाल करती हैं तो इससे स्किन बहुत अधिक रूखी या बेजान नजर नहीं आती है। इसी क्वालिटी के कारण जेल क्लींजर को किसी भी स्किन टाइप पर आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है, फिर चाहे आपकी स्किन सेंसेटिव ही क्यों ना हो।

### स्किन होती है रिफ्रेश

अगर आप जेल क्लींजर का इस्तेमाल करती हैं तो इससे आपको चेहरा धोने के बाद एक फ्रेशनेस का अहसास होगा। चूंकि वे जेल बेस्ड क्लींजर बेहद ही लाइट होते हैं, इसलिए वे आपकी स्किन को फ्रेश और कूल फील करवाते हैं। आप इसे सुबह में इस्तेमाल कर सकती हैं या फिर वर्कआउट के बाद भी जेल क्लींजर स्किन पर काफी अच्छा काम करते हैं।

चूंकि अब मौसम बदलने लगा है तो आप अपनी वैनिटी के प्रोडक्ट को भी बदलने का विचार कर रही होंगी। ऐसे में जेल क्लींजर को अपने समर स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बनाएं। गर्मियों में जब तापमान बहुत अधिक होता है ।

# ईद पर दिखाना है खूबसूरत अंदाज तो अभी से तैयार कराएं खास सूट

फैशन



लोग पूरे साल रमजान के पाक महीने का इंतजार करते हैं, क्योंकि रमजान महीने के आखिरी दिन ईद-उल-फितर मनाई जाती है। ईद का पर्व हर किसी के लिए बेहद खास होता है। ऐसे में इसकी तैयारियां कई-कई दिनों पहले से ही शुरू हो जाती है। ईद-उल-फितर के दिन लोग नए-नए कपड़े पहनते हैं और एक-दूसरे के घर ईद की बधाई देने जाते हैं।



खासतौर पर अगर बात करें महिलाओं और लड़कियों की तो हर महिला ईद के दिन के लिए अपना मेकअप से लेकर आउटफिट और ज्वेलरी तक चुन-चुन के तैयार करती हैं। ऐसे में अगर आप इस बार ईद पर अपना खूबसूरत अंदाज दिखाना चाहती हैं, तो हम आपको सूट के कुछ ऐसे डिजाइन बताने जा रहे हैं, जिन्हें आप अभी से तैयार करा सकती हैं। दरअसल, हम इस लेख में आपको बिग बॉस फेम सोमी खान के कुछ ऐसे सूट दिखाने जा रहे हैं, जिनसे टिप्स लेकर आप भी अपना सूट तैयार करा सकती हैं।



**कुर्ता विद जैकेट:** अगर आपको दुपट्टा कैरी करने में दिक्कत होती है, तो इस तरह का पैंट और सूट आप अपने लिए तैयार करना सकती हैं। इसमें आपको दुपट्टे की जगह एक इस तरह की ही जैकेट करानी पड़ेगी। इसके साथ अपने बालों को खुला ही रखें।

**शरारा सूट:** अगर शरारा सूट पहनना पसंद है तो इस तरह का कॉलर वाला कुर्ता और शरारा आप अपने लिए तैयार करा सकती हैं। इसके साथ नेट फैब्रिक का दुपट्टा आपको खूबसूरत लुक देने का काम करेगा।

**अनारकली सूट :** अगर अनारकली सूट पहनने का मन है, तो इस तरह से नेट फैब्रिक का अनारकली सूट आप अपने लिए तैयार करा सकती हैं। ये देखने में भी काफी खूबसूरत लगता है। इसके साथ दुपट्टा लेना न भूलें।

# ॠतिक रोशन ने की अनन्या की तारीफ

मुंबई। एक्टर ॠतिक रोशन ने फिल्म 'खो गए हम कहां' में एक्ट्रेस अनन्या पांडे की जमकर तारीफ की। पिछले साल दिसंबर में रिलीज फिल्म का निर्देशन अर्जुन वरैन सिंह ने किया है। इसमें सिद्धांत चतुर्वेदी, अनन्या और आदर्श गौरव मुख्य भूमिका में हैं। यह तीन दोस्तों की कहानी है, जो सोशल मीडिया के दबाव के बावजूद अपने लक्ष्य और रिश्तों को आगे बढ़ाते हैं। एक्स पर ॠतिक ने लिखा कि कुछ दिन पहले 'खो गये हम कहां' देखी। मैंने इसका भरपूर आनंद लिया। यह कोई आसान शैली नहीं थी। अनन्या पांडे आप एक स्टार हैं। सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव आप लोगों का प्रदर्शन क्या शानदार था। अर्जुन वरैन ने बहुत अच्छा निर्देशन किया है। पूरी टीम को बधाई, यह फिल्म अवश्य देखनी चाहिए। फाइटर स्टार को जवाब देते हुए अनन्या ने कहा कि ॠतिक सर, आपने मेरा दिन बना दिया, आपके प्यारे शब्दों और सराहना के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। यह मेरे लिए बहुत प्रेरक है।

फिल्म अर्जुन, जोया अख्तर, रीमा कागती ने लिखी है। यह एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी फिल्म्स के बैनर तले रितेश सिधवानी, अख्तर, कागती और फरहान अख्तर द्वारा निर्मित है।



# बालों को 'हाइलाइट' कराने का है मन तो इन बातों का जरूर रखें ध्यान

आज के समय में बालों को हाइलाइट कराना हर किसी की पसंद बनता जा रहा है। चाहे पुरुष हो या महिला, हर कोई अपने बालों को अलग-अलग रंगों से हाइलाइट कराना पसंद करता है। लोग स्टाइलिश दिखने के लिए हाइलाइट का इस्तेमाल करते हैं। बालों को अलग रंग से हाइलाइट कराने पर ना सिर्फ लुक बदल जाता है, साथ ही इससे आपकी पर्सनेलिटी में भी बदलाव होता है। हाइलाइट्स की वजह से बालों में अतिरिक्त चमक भी आ जाती है। वैसे तो जो भी हाइलाइट कराता है वो पहले इसे बारे में सही से पता करता है, लेकिन बहुत से लोगों को समझ नहीं आता कि वो किस तरह से बालों को हाइलाइट कराएं।



### सही से करें रंगों का चयन

बालों में हाइलाइट कराते वक्त रंग का चयन ध्यान से करें। हाइलाइट कराने से पहले अपने स्किन टोन का भी ध्यान रखें क्योंकि बालों के रंग में बदलाव की वजह से या तो आपका लुक काफी बेहतर हो जाएगा या हो सकता है कि बिगड़ जाए। ऐसे में रंग का चयन करते वक्त स्किन टोन और मौसम दोनों का ख्याल रखें।

### सोच समझ कर करें जगह का चुनाव

यहां बात बालों की हो रही है, ऐसे में हाइलाइट उसी जगह कराएं, जहां आपको प्रोफेशनल आपके बालों को मैनेज करें। अगर आप किसी ऐसी-वैसी जगह पर हाइलाइट कराएंगे तो हो सकता है कि आपके बाल डैमेज हो जाएं। इसी के चलते बाल वहीं से हाइलाइट कराएं, जहां प्रोफेशनल मौजूद हों।

### कई रंगों से रहें दूर

बहुत से लोग एक साथ दो-तीन रंगों से बालों को हाइलाइट कराते हैं। वैसे तो कई लोगों पर ये लुक अच्छा लगता है लेकिन फिर भी हाइलाइट कराते वक्त ध्यान रखें कि अगर आप कई रंगों का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपका लुक बिगड़ सकता है क्योंकि ये हर किसी पर नहीं जचता। इसके साथ ही अलग-अलग रंगों की वजह से कई केमिकल आपके बालों में जाएंगे, जिससे बाल खराब हो सकते हैं। अगर आपको गर्म पानी से बाल धोने की आदत है तो हाइलाइट कराने से बचें। हाइलाइट कराने के बाद बालों को नॉर्मल पानी से ही धोना पड़ेगा।

# ॠषभ संग शादी पर दिया जवाब

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतले का नाम जब भी लिया जाता है, तो अपने आप ही लोगों की जुबान पर क्रिकेटर ॠषभ पंत का नाम आ जाता है। उर्वशी ने अपने काम से ज्यादा क्रिकटर संग अपनी कंट्रोवर्सी से सुर्खियां बटोरी है। मिस यूनिवर्स इंडिया 2015 का टाइटल जीतने वाली उर्वशी जल्द ही फिल्म जेएएनयू में नजर आने वाली है और एक्ट्रेस अपनी फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रही हैं।

**मुंबई।** इस फिल्म के प्रमोशन के बीच उर्वशी ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में सुष्मिता सेन के उनसे मिस यूनिवर्स इंडिया 2012 का टाइटल छीनने को लेकर बड़ा खुलासा किया था। इसी बीच अब एक्ट्रेस ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी ॠषभ पंत से शादी के सवाल पर रिएक्शन दिया है।

दरअसल, उर्वशी ने हाल ही में इंटरव्यू के दौरान अपने फैंस के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान एक्ट्रेस से वो सवाल पूछे गए, जो अक्सर ही फैंस उनसे करते रहते हैं। पहले तो उर्वशी रौतेला ने काफी आराम से होस्ट को उनका सवाल पूरा करने दिया। इस सवाल पर हर कोई उर्वशी के जवाब का इंतजार कर रहा था। होस्ट से लेकर फैंस सभी उम्मीद लगाकर बैठे थे कि एक्ट्रेस क्रिकेटर संग शादी के सवाल पर क्या बोलेंगी। मगर उर्वशी ने सभी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उर्वशी ने ॠषभ पंत संग शादी के सवाल पर जवाब में बोली, 'कोई कमेंट नहीं।' उर्वशी और ॠषभ का रिश्ते की सच्चाई क्या है, ये तो दोनों स्टार्स ही अच्छे से जानते हैं। मगर एक समय पर दोनों के रिलेशनशिप की खबरों ने खूब तूल पकड़ा था। लेकिन तब दोनों ने ही इन्हें अफवाह बताया था। साल 2018 में इन दोनों कई बार एक जगह पर स्पॉट किया गया है, फिर उस साल के बाद दोनों ने एक-दूसरे को व्हाट्सएप पर ब्लॉक तक दिया था। सोशल मीडिया पर दोनों क्रिप्टिक नोट लिखकर एक-दूसरे पर अपनी भड़ास भी निकालते रहे हैं, लेकिन जब ॠषभ का एक्सीडेंट हुआ था।




# अदा ने डांस बार में बिताई रातें

मुंबई। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने 'सनफ्लॉवर 2' में अपनी भूमिका को लेकर खुलासा किया है। एक्ट्रेस का कहना है कि उन्होंने अपनी भूमिका के लिए एक डांस बार में रातें बिताईं। वह स्क्रीन पर प्रभावकारी दिखना चाहती थीं। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने कहा कि मैं प्रभावकारी दिखना चाहती थी। यह सिर्फ इस बारे में नहीं है कि आप डांस कब कर रहे हैं बल्कि यह इस बारे में है कि आप कैसे बैठते और खड़े होते हैं और परफॉर्मेंस नहीं करने के दौरान आप अपने शरीर के साथ कितने सहज हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह कभी-कभी ध्यान देने के लिए डांस बार में सुबह 5 बजे तक रुकती थीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि वे इतने अच्छे थे कि उन्होंने मुझे बार में रुकने और चीजों को देखने की इजाजत दी। कस्टमर्स से बात करते समय उनके आत्मविश्वास को मैंने देखने की कोशिश की। मैं रात को 9 बजे जाती थी, कभी-कभी सुबह 4 से 5 बजे तक रुकती थी। वेब सीरीज 'सनफ्लॉवर' सीरीज एक हाउसिंग सोसाइटी के निवासियों के जीवन पर आधारित है। वे एक हत्या के रहस्य में उलझ जाते हैं। इसमें सुनील ग्रोवर और मुकुल चड्ढा मुख्य भूमिका में हैं।



27 Ambikapur-BHOOMI-pg 3-0_Layout 1 3/27/2024 10:21 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### नाम निर्देशन की कार्रवाई हेतु कलेक्टर कोर्ट रूम अधिग्रहित

**अम्बिकापुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा प्राप्त निर्देशनुसारा सरगुजा जिले के 01-सरगुजा (अजजा) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु रिटर्निंग अधिकारी द्वारा नाम निर्देशन का कार्य सुचारू रूप से संचालित करने हेतु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम -1951 की धारा-160 एवं 162 के बने प्रावधानों के तहत कलेक्टर कोर्ट रूम को अधिग्रहित कर आबंटित किया जाता है। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन की कार्यवाही इसी कक्ष में संपन्न होगी। नाम निर्देशन कक्ष में समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नोडल अधिकारी (नाम निर्देशन) एवं समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

### कोलकर्मियों के आंखों के इलाज के साथ चश्में का भी होगा भुगतान

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया लिमिटेड प्रबंधन ने चिकित्सा उपस्थिति नियमों में संशोधन किया है। इस संशोधन के अनुसार अब आंखों के इलाज के साथ चश्में का भी भुगतान किया जाएगा। इससे पहले यह सुविधा नहीं थी। कोल इंडिया प्रबंधन ने इस आशय का आदेश जारी कर दिया है। इसके अनुसार कोल अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों को चश्मा खरीदी का भुगतान किया जाएगा। बताया गया कि नए संशोधन के अनुरूप प्रतिपूर्ति के लिए ग्रेड अनुसार क्रमशः बोर्ड स्तर पर 50 हजार, अधिकारी ई 8 व ई 9 को 45 हजार, अधिकारी ई 6- ई 7 को 35 हजार,अधिकारी ई 4- ई 5 को 30 हजार , अधिकारी ई 1-ई 3 को 20 हजार व कर्मचारी को 10 हजार रूपये निर्धारित किया गया है।

## अधिकांश लोग सड़क दुर्घटना में हुए थे गंभीर

# अलग-अलग घटनाओं में एक दर्जन से अधिक लोगों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

होली की खुशियां कुछ परिवारों के लिए उस समय मातम मे बदल गई जब सड़क दुर्घटना, कीटनाशक पीने सहित अन्य घटनाओं में एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई। पिछले दो दिन के भीतर ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सड़क दुर्घटना व कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में दस लोगों की मौत हुई। सभी मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

**खास बात**

- कुछ की मौके पर तो कुछ ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में तोड़ा दम

जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम बिनकरा निवासी श्रवण कुमार आ. अवतार साय (20 वर्ष) होली के दिन दोस्त रवि रजवार के साथ बाइक से ग्राम लहपटरा जा रहे थे। जैसे ही पुहपुटरा के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 15 डीवी 2767 से आमने सामने भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में श्रवण गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल हो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। ओड़गी थाना अंतर्गत ग्राम कुदरगढ़ निवासी मिथलेश कुमार दुबे आ. सुशील दुबे (32 वर्ष) होली के दूसरे दिन किसी काम के सिलसिले में अकेले बाइक से सूरजपुर जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार ग्राम सिरसी थाना के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित हो कर सडक किनारे गिर गया। परिजन उसके अचेत हालत में सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया । चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कुरवा केनापारा निवासी रामधन आ. स्व. लल्लू (40 वर्ष) 22 मार्ग को अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। परिजन उसे विश्रामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम मानपुर निवासी करमेन पति राम कुमार सिंह (45 वर्ष) कुछ दिन पूर्व भाई घर माड़ीडांड गन्ना काटने गई थी। इसी बीच पति उसके पास पहुंचा और घर चलने की बात कही। जिस पर मिला ने काम खत्म कर जाने की बात कही। इधर पति के जाने के बाद महिला ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी ली। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम बृजनगर निवासी लालमनी मरावी पति जगधारी मरावी (39 वर्ष) शराब पीने की आदि थी। शुक्रवार को नशे की हालत में कीटनाशक पी ली। घटना की जानकारी लगते ही परिजन उसे लटोरी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान बीती रात मौत हो गई। दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम बरटिकरा निवासी संध्या लकड़ा आ. कमल साय लकड़ा (18 वर्ष) होली के दिन परिजन के साथ भोजन करने के पश्चात कमरे में सोने चली गई। तड़के पिता ने उसे उल्टी करते तथा कीटनाशक के गंध आने पर घटना की जानकारी परिवार के लोगों को दी। परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम नवगई निवासी मनोज सिंह आ. शिवप्रताप सिंह (18 वर्ष) होली के दूसरे दिन शाम को गांव के ही दुलेश्वर व धरम के साथ बाइक से पटना जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार पटना थाना के समीप पहुंच तभी विपरीत दिशा से आ रहे कार क्रमांक सीजी 11 एडी 6303 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान मनोज की मौत हो गई। जबकि उसके साथियों का उपचार जारी है। पत्थलगांव थाना अंतर्गत ग्राम खरकट्टा निवासी सोनसाय भगत आ. स्व. बिनहार भगत (65 वर्ष) होली के दिन शाम को भोजन करने के पश्चात घर के सामने टहल रहा था। इसी दौरान बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत



**प्रतापपुर/ सोनगरा।** प्रतापपुर-अंबिकापुर मार्ग में स्थित धरमपुर में होली के दिन तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवकों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार होली के दिन शाम चार बजे के एसईसीएल जगन्नाथपुर कोयला खदान में मिट्टी हटाने का कार्य करने वाली राधा चेन्नई कंपनी में कार्यरत झारखंड अंतर्गत ग्राम कैलाश नगर निवासी प्रकाश कुमार राहुल आ. हरिहर राम (38 वर्ष) व हिमाचल प्रदेश निवासी विजय कुमार आ. सूनूराम (37 वर्ष) के साथ सोमवार को दोनों बाइक क्रमांक जेएच 10 सीई 5843 से होली त्यौहार मनाने प्रतापपुर से जगरनाथपुर जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार धरमपुर हाई स्कूल के समीप पहुंचे तभी अंबिकापुर से प्रतापपुर की ओर तेज रफ्तार से जा रही कार क्रमांक सीजी 15 सीक्यू 4141के चालक ने टक्कर मार दी। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार व बाइक की परखच्चे उड़ गए। बाइक सहित दोनो युवक कार के सामने के हिस्से में फंस गए जिससे कार दोनों को घसीटते हुए लगभग 50 मीटर दूर तक ले गया। इधर घटना को देख आसपास के लोगों ने ने मौके पर ही युवकों को किसी तरह वाहन से बाहर निकाला। घटना की जानकारी लगते ही खड़गवां पुलिस ने घायल अंबिकापुर मेडिकल कालेज भेजा। जहां घायलों की उपचार के दौरान मौत हो गई।

### होली की रात सड़क हादसे में तीन की मौत, दो गंभीर



**उदयपुर/ डांड़गांव।** उदयपुर - सूरजपुर मुख्य मार्ग पर ग्राम पलका टावर के समीप होली की रात 8 बजे करीब एक बड़ा हादसा हो गया। दुर्घटना में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायलों ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। दुर्घटना के दौरान बाइक की चपेट आने से पैदल जा रहा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। कार क्रमांक CG 14 एमएल 5110 भी अनियंत्रित हो कर दस फीट गहरे गड्ढे में गिर गया। दुर्घटना में रवि की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि घायल सचिन, विजय, संदीप और एक अन्य को उदयपुर सीएचसी में लाया गया। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्राम शिवनगर निवासी रवि किंड़ो आ. मोहन (22 वर्ष), संदीप आ. नंदलाल (18 वर्ष) व ग्राम सलबा निवासी सचिन आ. संजय (16 वर्ष) की मौत हो गई। पुलिस ने सभी मामलों में मर्ग कायम किया है।

### ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी देवेश की नहर में मिली लाश

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिले के ग्राम डेडरी में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी देवेश त्रिपाठी 35 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में उनके गृहग्राम स्थित क्योटी नहर में शव मिलने की सूचना है।बताया गया कि लगभग दस दिनों पूर्व देवेश



अवकाश लेकर सपरिवार गृह ग्राम रीवां मध्यप्रदेश गए हुए थे। यहां पर होली के दूसरे दिवस मंगलवार को उनका शव क्योटी नहर में औंधे मुंह पड़ा देख स्थानीय लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम 100 नंबर को डायल कर सूचना दी।सूचना पर विश्व विद्यालय थाना क्षेत्र की पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को स्थानीय लोगों की मदद से नहर से बाहर निकलवाया तथा शव पंचनामा की कार्यवाही पूरी कर शव को पीएम के लिए संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल भिजवाया।यहां पीएम के दौरान मृतक की शिनाख्त देवेश त्रिपाठी आत्मज एस एम त्रिपाठी 35 वर्ष निवासी शाहपुर जिला मऊगंज के रूप में हुई है।विश्व विद्यालय थाना पुलिस उक्त युवक की मौत कैसे व किन परिस्थितियों में हुई है इसकी जांच कर रही है। हंसमुख व मिलनसार क्षवि के आर एच ओ देवेश त्रिपाठी के आसमायिक निधन की खबर से सहकर्मी सहित उनके परिजन स्तब्ध व शोकाकुल हैं।बताया गया कि उनके परिजन अंतिम संस्कार के लिए शव को लेकर प्रयागराज के लिए रवाना हो गए है।देवेश अपने पिता के इकलौते पुत्र थे। बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर स्थित सरकारी निवास में रहकर वे यही से ड्यूटी करते थे, प्राप्त जानकारी अनुसार देवेश की एक पुत्री है।

## छात्र की बांध में स्नान करते समय डूबने से मौत



**सूरजपुर।** नयनपुर बांध में स्नान करते समय छात्र की डूबने से मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी लगते ही गोताखोर ने कड़ी मशक्कत के बाद किशोर के शव को बांध से निकाला। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार मस्जिद पारा निवासी ओम साहू आ. विजय साहू (17 वर्ष) स्वामी आत्मानंद स्कूल में 11 वीं पढ़ाई करता था। आज परीक्षा खत्म होने के बाद अपने दोस्तों के साथ नयनपुर बांध में स्नान करने गया था। सभी बांध में स्नान कर रहे थे तभी ओम साहू गहरे पानी में चला गया जिससे डूब गया। इधर काफी देर बाद भी जब वह बाहर नहीं निकला तो उसके दोस्तों ने घटना की सूचना परिजन को दी। बांध में किशोर के डूब जाने की खबर लगते ही बड़ी संख्या में लोग बांध के समीप पहुंच गए। इधर गोताखोरों ने लगभग 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव को बांध से निकाला। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

TOP IN SURGUJA

शानदार 26 साल
मान्यता प्राप्त सेंटर में प्रवेश लें भविष्य सुरक्षित रखें
मंजूषा एकेडमी
Namnakala, Ring Road, Ambikapur Mob.-9826183771, 9691620315
अधिकृत सेंटर
AISECT TEPL Tally Education CSC ACADEMY
COURSE GUIDANCE
DCA | PGDCA | BCA | BA | B.LIB MSW | PGDRD | MA | Tally MBA | MSC | MCOM | M.LIB

गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
MULTISPECIALITY HOSPITAL
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
सभी रोगों के विशेषज्ञ प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ रितेश गुप्ता
MBBS, MD (Medicine), CCE BDM (Diabetes)
PG Diploma in Advance Diabetes Care (London)
F Clinical ASSO Non Invasive Cardiology
(Lilavati Hospital, Mumbai)
PG Diploma Clinical Nephrology
हृदय, मधुमेह, किडनी, थायराइड रोग विशेषज्ञ
सभी रोगों के विशेषज्ञ
24x7 इमरजेंसी सेवी भर्ती एवं आईसीयू ऑपरेशन
पंजीयन के लिए संपर्क करें
पता - बनारस रोड, पी. जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर
गायत्री मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल 9424250281, 8120906000, 8120809000

VC INSTITUTE
ADMISSION OPEN
M.A. (All Subject)
M.A. छत्तीसगढ़ी
M.SC. (All Subject)
M.COM, M.Lib, M.sc. Yoga
B.A., B.SC, B.com, B.Lib
B.sc. Yoga, B.ped, PG Diploma in Yoga
नोट - सभी कोर्स के परीक्षा फार्म भरे जा रहे हैं
आकाशवाणी चौक, पुराने रोजगार कार्यालय के पीछे, अम्बिकापुर 7222980129

## नगर में शांतिपूर्वक मनाई गई होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



नगर में रंगों का महापर्व होली का त्योहार हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। आपसी भाईचारे व रंगीन त्योहार के रूप में रंगों के महापर्व होली में सुबह से ही सड़कों पर बच्चों सहित बड़ों की टोलियां और नगाड़ों की गूंज व धमक सुनाई दे रही थी।

आकर्षक मुखौटे, रंग बिरंगे नकली बाल लगाकर लोग घूमते रहे। पुलिस प्रशासन भी शांतिपूर्ण ढंग से होली संपन्न कराने के लिए पूरी तरह मुस्तैदी रही और लगातार घूम-घूम कर गश्त कर शांति व्यवस्था बनाए रखा। चौक-चौराहों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। 24 मार्च को होलिका दहन के साथ फाल्गुन का यह त्योहार रात से ही मनाना शुरू हो गया था। नगर के विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन में भी लोगों ने खूब गुलाल खेला और भांग की बर्फियां खाई। हालांकि इस बार चुनावी आचार संहिता के कारण साउंड सिस्टम सहित डीजे प्रतिबंधित रहे। नगर के साथ जिले में होली की धूम रही। प्रशासनिक अधिकारी भी घूम-घूम कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे और किसी भी अप्रिय वारदात से निपटने के लिए तैयार दिखाई दिए। होली त्योहार को लेकर परंपरागत रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में होली की इस वर्ष ज्यादा धूम रही। कहीं फाग गीत तो कहीं गाने- बजाने के साथ गली-मोहल्लों में टोलियों के रूप में लोग एक-दूसरे पर रंग-गुलाल लगा कर होली का त्योहार मना रहे थे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ.ग.)
रा.प्र.क्र..... /अ-2/2023-24
ईश्तहार
एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशामनी खलखो पत्नी शिवमंगल खलखो जाति उरांव निवासी अजिरमा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अजिरमा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) खसरा नंबर 968/4 रकबा 0.020 हे. भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 12/04/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 27/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अम्बिकापुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ.ग.)
रा.प्र.क्र..... /अ-2/2023-24
ईश्तहार
एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुशीला सिंह पति नागेश्वर सिंह जाति गोंड़ निवासी लुण्ड्रा तहसील लुण्ड्रा जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम भगवानपुरकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) खसरा नंबर 136/2 रकबा 0.030 हे. भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 12/04/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 27/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अम्बिकापुर

## कोयलांचल नगरी में धूमधाम के साथ मनाई गई होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



होली खेलते बच्चे।

कोयलांचल व आसपास क्षेत्र में होली पर्व काफी हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाई गई। कुछ मामूली घटनाओं को छोड़कर होली पर इस वर्ष कोई बड़ी अप्रिय घटना नहीं हुई है। होली पर्व को लेकर सूरजपुर ब्लाक अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला तुलसी व प्राथमिक शाला सड़कपारा तुलसी में होली का पर्व धूमधाम से बच्चों के साथ मनाया गया। माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक दिनेश कुमार गुप्ता व प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक रंजय कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से होली मिलन का कार्यक्रम स्कूली बच्चों के साथ कराया गया। क्षेत्र के प्रथम बस्तामुक्त विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन एनवती राजवाड़े अध्यक्ष एसएमसी व कैलाशो उपाध्यक्ष एसएमसी की उपस्थित में किया गया। संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी ने बताया कि संस्था में गत वर्ष की तरह ही इस बार भी होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य बच्चों को होली पर्व मनाने के बारे में जानकारी देकर सदा सत्य राह पर चलने प्रेरित करना था। सूरजपुर महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष दीप्ति स्वाई के नेतृत्व में मूकबधिर बच्चों के साथ होली मनाई गई। पार्टी पदाधिकारियों द्वारा ज्ञानोदय मूकबधिर विद्यालय में छोटे बच्चों के साथ रंगों का महापर्व होली मनाते हुए होली खेली गई।इस दौरान बीना शर्मा, गीता पुरी, सोनिया सोढ़ी, रंजू चौबे रश्मि शर्मा व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्य चौक-चौराहों पर पुलिस की निगरानी

होली पर्व पर इस वर्ष लोकसभा चुनाव के आचार संहिता का भी असर देखने को मिला। शांतिपूर्ण तरीके से होली पर्व मनाने पुलिस की भी मुख्य चौक चौराहों पर कड़ी निगरानी थी। पुलिस की कड़ी निगरानी की वजह से इस वर्ष होली पर कहीं भी कोई अप्रिय घटना घटित होने की जानकारी नहीं मिल सकी है।

सरगुजा मार्केट

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक- 31 मार्च 2024, रविवार
नोट- डॉक्टर पांचवें रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपरस्पेशलिटी सेंटर
"पारस हाइट्स", गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास, दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग., मो.- 7587722255

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुन: शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनैरिया, संतान न होना, शुक्राणु की कमी आदि सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध है
कहीं से भी ईलाज कराने से पहले एक बार जरूर मिलें
समय प्रात: 8 बजे से रात 8 बजे तक
डॉ. एस. कुमार
माँ शारदा आयुर्वेदिक क्लीनिक
स्थायी पता : भैयाथान रोड, अग्रसेन भवन के पास, मिश्रा गली के बगल में, सूरजपुर (छ.ग.)
6260666291, 7908772802

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 19 अप्रैल 2024 दिन-शुक्रवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

डॉ अनिल कुमार यादव
एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
सलाहकार अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर (छ.ग.)
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कार्डियोलॉजिस्ट)
डॉ रोशन लाल वर्मा
MD (T.B & RESPIRATORY DISEASES)
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी
दिनांक- 31 मार्च 2024, रविवार
समय - सुबह 10 से 04 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज़ थाइराइड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ. संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज ,थाइराइड, मोटापा,माहवारी में समस्या, नपुंसकता, नि:संतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्रॉल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटा कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध:
दिनांक - 07 अप्रैल 2024, दिन-रविवार
नोट- डॉ. प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एंड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइटस गेंहू बाडी, सी.एम.ओ. आफिस के बगल में, दर्रीपारा अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

## खबर संक्षेप



### पतंजलि कायाकल्प योग कक्षा के सदस्यों ने किया रक्तदान

**रामानुजगंज।** 100 बिस्तर अस्पताल में पतंजलि कायाकल्प योग कक्षा द्वारा रक्तदान सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रक्तदान सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ नगर के सेवानिवृत शिक्षक धनंजय पाठक द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर धनंजय पाठक द्वारा रक्तदान सेवा कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि मुझे भी जब रक्त की आवश्यकता थी तब सूर्य प्रताप कुशवाहा एवं आनंद गुप्ता की पहल पर रक्त मिला था। पतंजलि कायाकल्प योग कक्षा के संचालक आरती बाजपेई एवं ज्ञानेंद्र वाजपेई ने कहा कि समय-समय पर विभिन्न रचनात्मक एवं सामाजिक गतिविधियों पतंजलि कायाकल्प योग कक्षा द्वारा संचालित की जाती रही है। इसी कड़ी में आज रक्तदान सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रक्तदाता सेवा समिति के आनंद गुप्ता एवं सूर्य प्रताप कुशवाहा ने कहा कि रक्तदान के पुनीत कार्य में पतंजलि कायाकल्प योग कक्षा भी सहभागी बन रहा है। इस दौरान हेमंत दीक्षित, गुलाब डहरिया, विकास गुप्ता, योग साधक अरविंद दुबे, सिम्मी गुप्ता, अरविंद गुप्ता, आनंद पाठक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। रक्तदान संतोष गुप्ता, शीला, सुमन, राजू कुमार, सुमित कुमार गुप्ता, ममता ठाकुर ने किया।

### स्वीप टीम ने युवाओं को मतदान के लिए किया प्रेरित




**अम्बिकापुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर के मार्गदर्शन और स्वीप नोडल नूतन कंवर के निर्देशन में जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न महाविद्यालयों और संस्थानों, पहाड़ी कोरवा बहुल बसाहटों सहित वृद्धाश्रम में भी स्वीप टीम ने पहुंचकर निर्वाचन से जुड़ी जानकारी लोगों तक पहुंचाई है। इसी कड़ी में मंगलवार को स्वीप टीम के द्वारा जन शिक्षण संस्थान सरगुजा के प्रशिक्षार्थियों को आगामी लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। जन शिक्षण संस्थान के निदेशक एम सिद्दीकी के द्वारा प्रशिक्षार्थियों को मतदाता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर स्वीप टीम से वंदना मानिकपुरी, शीतल, सबीना एवं रजनीश मिश्रा, प्रीति तिवारी, सतनारायण भगत उपस्थित रहे।

### गढ़वतिया धाम परिसर में लगे 20 घंटों की चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश



**बिहारपुर।** बीती रात चोरों ने दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर अंतर्गत ग्राम महुली की पहाड़ी पर स्थित गढ़वतिया देवी धाम परिसर में लगे 20 घंटों को पार कर दिया। बुधवार को सुबह ग्रामीण धाम में पूजा करने पहुंचे तो चोरी की जानकारी मिली। मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों व ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। क्षेत्रवासियों के आस्था के केन्द्र गढ़वतिया धाम में अष्टभूजी देवी सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं ग्राम महुली की पहाड़ी पर स्थापित हैं। धाम परिसर में श्रद्धालुओं ने समय-समय पर 20 घण्टे लगाए थे जिसमें से कुछ काफी वजनी थे। बुधवार को सुबह ग्रामीण पूजा करने धाम पहुंचे तो सभी घंटे गायब थे। घटना से आक्रोशित ग्रामीण ट्रस्ट के सदस्यों के साथ थाना पहुंचे तथा आवेदन देकर पुलिस को स्थिति से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि इसके पूर्व भी चोरों ने मंदिर परिसर में क्रेडा द्वारा लगाए गए होम लाइट की चोरी की थी। ग्रामीण कबाड़ियों द्वारा घटना को अंजाम देने का संदेह प्रकट कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने आरोपियों की तलाश प्रारम्भ कर दी है।

## बिजली, पानी, शौचालय की समुचित व्यवस्था करें: लंगेह

# अफसरों ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

लोकसभा निर्वाचन 2023 को लेकर बुधवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने स्ट्रांग रूम व सुरक्षा जवानों के ठहरने की जगह का निरीक्षण किया। बैकुंठपुर के आदर्श रामानुज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को विगत विधानसभा सभा निर्वाचन 2023 में स्ट्रांग रूम बनाया गया था।

लोकसभा निर्वाचन के लिए भी इसी स्थल को बनाया गया है। इवीएम व वीपीएटी मशीनों के रख-रखाव व चॉक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते हुए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सलका स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज भवन का भी अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री लंगेह ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारी को शौचालय कक्ष को व्यवस्थित करने, खिड़की, दरवाजा आदि टूटफूट को शीघ्र मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन कार्य में सुरक्षा जवानों के पीने की पानी, बिजली, कूलर व साफ-सुथरा शौचालय व्यवस्था करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। लोक निर्माण, ऊर्जा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगर पालिका परिषद, बैकुंठपुर के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी व्यवस्था समय पर कर लें ,ताकि निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने बिजली गुल होने पर जनरेटर व्यवस्था भी करने के निर्देश दिए हैं। विदित हो कि कोरिया में तृतीय चरण में चुनाव होना है, इस दौरान तेज गर्मी पड़ने की आशंका को देखते हुए शीतल जल की व्यवस्था करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत प्रदेश सहित कोरिया जिले में आदर्श आचार संहिता 17 मार्च से प्रभावशील है। प्रदेश में 11 लोकसभा सीटों के लिए तीन चरणों में मतदान होगा, वहीं 6 लोकसभा सीट अनारक्षित है, 4 सीट अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित है एवं 1 सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है।



### पुलिस अधिकारियों के लिए जिला स्तर पर प्रशिक्षण कार्यशाला

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस मुख्यालय में 15 मार्च को उप निर्वाचन पदाधिकारी छग निलेश महादेव शिवसागर, उमेश अग्रवाल, राज्य पुलिस नोडल अधिकारी निर्वाचन ओपीपाल एवं संयुक्त निर्वाचन अधिकारी पीएस ध्रुव के द्वारा प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया था। इसमें कोरिया से पुलिस अधीक्षक एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय बैकुंठपुर उपस्थित रहे। उक्त प्रशिक्षण कार्यशाला के तारतम्य में पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देश पर 27 मार्च को रक्षित केन्द्र के कॉन्फ्रेंस हाल में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्यामलाल मधुकर ने जिला स्तर पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया एवं सभी पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, प्रभारी अधिकारियों एवं उप निरीक्षकों को लोकसभा चुनाव से संबंधित बिंदुओं पर विभिन्न निर्देश दिए गए। इसमें आदर्श आचार संहिता का पालन कराना, लोकसभा चुनाव के दौरान होने वाले अपराध की विवेचना एवं प्राप्त होने वाले शिकायतों की निराकरण नियत समयावधि के भीतर किया जाना, लोकसभा चुनाव के पूर्व इकाई में उपलब्ध सभी लायसेंसी हथियार को जमा कराना, सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न कराए जाने एवं अनुवीक्षण व्यय की निगरानी के लिए एफएसटी/एसएसटी टीम के गठन के बारे में बताया गया। कार्यशाला में लोकसभा चुनाव के लिए अपने क्षेत्र में आने वाले प्रचार-प्रसार के लिए स्टार प्रचारकों की श्रेणीवार जानकारी एवं कार्यक्रम के बारे में लिखित सूचना प्रेषित किए जाने, मतदान केन्द्र के संबंध में पूरी जानकारी प्राप्त करने के लिए बताया गया। साथ ही मतदान केन्द्र पर कार्यरत अन्य सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नाम, पद आदि की जानकारी प्राप्त करने के लिए भी अवगत कराया गया। कार्यशाला में बताया गया कि मतदान केन्द्र पर कार्यरत व्यक्तियों और मतदान के लिए आने वाले सभी जन सामान्य के साथ नम्र तथा शिष्ट व्यवहार करें, मतदान पूरा होने पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ईवीएम और अन्य सामग्री को सुरक्षित रूप से रिटर्निंग ऑफिसर को लौटाने तक सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करें, मतदान केन्द्र के आसपास किसी को दुराचार, मतदान के लिए रिश्वत देने या लेने, फर्जी मतदाताओं द्वारा मतदान एवं ईवीएम बूथ कैपचरिंग नहीं होने की हिदायत भी दी गई।



## मना करने के बाद भी पी शराब पति ने उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मना करने के बाद भी शराब पीने से नाराज युवक ने होली की रात पत्नी की डंडे से पिटाई कर उसे मौत के घाट उतार दिया। पत्नी की हत्या करने के बाद आरोपी ने खुद अगले दिन पत्नी के मौत की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच उपरान्त आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मैनपाट कमलेश्वरपुर थाना अंतर्गत ग्राम ललेया निवासी 26 वर्षीय झिटकू मझवार आ. पूरन मझवार ने पुलिस पिता के माध्यम से पुलिस को सूचना दी थी कि 25 मार्च की रात 10 बजे पत्नी शामपति खाना खाकर सो गई थी और अगली सुबह जब वह उसे उठाने लगा तो वह नहीं उठी, उसका हाथ पैर ठंडा हो गया था व सिर के पीछे से खून निकल रहा था। महिला के मौत की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लाश को मर्ग कायम कर पीएम के लिए भेजा। पीएम रिपोर्ट में सिर पर चोट लगने व खून निकलने से मौत की पुष्टि होने के बाद पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि घटना दिनांक को झिटकू मझवार का पत्नी शामपति से शराब पीने को लेकर विवाद हुआ था और इस दौरान युवक ने पत्नी की लकड़ी के फारी से पिटाई कर दी। पुलिस द्वारा संदेह के आधार पर झिटकू मझवार को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने पुलिस को बताया कि 25 मार्च को उसने पत्नी को शराब पीने से मन किया था लेकिन पति की बात नहीं मानते हुए महिला ने शराब पी लिया। जब झिटकू मझवार ने शराब पीने पर नाराजगी जाहिर की तो दोनों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान झिटकू मझवार ने महिला को एक थप्पड़ मार दिया। शराब के नशे में होने के कारण महिला जमीन पर गिर गई जिसके बाद आरोपी से घर के अंदर ले गया और लकड़ी से सिर व कमर पर मार दिया जिससे महिला का खून निकलने लगा और उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी पति झिटकू मझवार को धारा 302 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना कमलेश्वरपुर से प्रधान आरक्षक अखिलेश भगत, आरक्षक देवदत्त सिंह, आदेश कुमार, मदन पैंकरा, अर्जुन पैंकरा आदि सक्रिय रहे।

■ लकड़ी से सिर पर वार कर की हत्या



## मधुमक्खियों के हमले से महिला की मौत



**डोमनहिल।** चिरमिरी गोदरीपारा बी-टाइप में रहने वाले महिला पर मधुमक्खियों ने अमला कर दिया, इससे महिला की मौत हो गई, वहीं महिला का पति घायल है। घटना मंगलवार की दोपहर की है। महिला छत पर कपड़े सूखाने के लिए गई हुई थी, इसी दौरान मधुमक्खियों ने महिला पर हमला कर दिया। दरअसल घर के पास ही पीपल का पेड़ है,इस पर मधुमक्खियों का छत्ता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सिटी केबल में कार्य करने वाले कमलेश सिंह की पत्नी श्रीमती माला सिंह मंगलवार को कपड़े सूखाने के लिए छत पर गई थी। इसी दौरान अचानक छत पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। कमलेश पत्नी को बचाने के लिए छत पर गए, तो मधुमक्खियों ने उन्हें भी डंक मारा। बताया जा रहा है कि किसी कारण से मधुमक्खियां भड़क गई थीं और छत पर कपड़ा सूखाने गई महिला पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों ने मोहल्ले के अन्य लोगों को भी डंक मारा है, हालांकि वे प्राथमिक उपचार के बाद ठीक हो गए। इधर मधुमक्खियों के हमले में महिला की दर्दनाक मौत के बाद गोदरीपारा में होली की खुशियां दुखः के माहौल में बदल गई। महिला के पति कमलेश ने बताया कि मधुमक्खियों के हमले के बाद पत्नी को गंभीर हालत में रीजनल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया था, जहां उसने दम तोड़ दिया।

## 62 लाख के गबन मामले में सहायक शाखा प्रबंधक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेस लिमिटेड कंपनी में रहते हेराफेरी कर 62 लाख रुपए गबन करने के मामले में पुलिस ने फरार सहायक प्रबंधक को भी गिरफ्तार कर लिया है जबकि पूर्व शाखा प्रबंधक को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेस मिलिटेड के ब्रांच मैनेजर जांजगीर चांपा निवासी हीरादास मानिकपुरी द्वारा मणीपुर पुलिस से शिकायत की गई थी कि पूर्व शाखा प्रबंधक अक्षय कुमार टंडन व पूर्व सहायक शाखा प्रबंधक लक्ष्मण यादव द्वारा कंपनी में रहते हुए 62 लाख 18 हजार 279 रुपए की हेराफेरी कर गबन किया गया है। आरोपी ने 54 लाख 18 हजार 279 रुपए नगद व 8 लाख रुपए का गबन केवाईसी के माध्यम से किया था। इस मामले में पुलिस द्वारा धारा 409, 34 के तहत शाखा प्रबंधक अक्षय कुमार टंडन को गिरफ्तार कर लिया गया था जबकि सहायक शाखा प्रबंधक फरार चल रहा था। पुलिस द्वारा पूर्व शाखा प्रबंधक मूलतः महासमुंद पिथौरा निवासी 29 वर्षीय लक्ष्मण यादव हाल मुकाम गांधीनगर डिगमा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी ने बताया कि पूर्व शाखा प्रबंधक के कहने पर लोगों का केवाईसी के माध्यम से लोन खाता तथा अन्य खाता खोला गया। इस दौरान दोनों ने लोगों के फेक खाता खोलकर कस्टमर के पैसों की हेराफेरी की गई और कलेक्शन किए गए पैसों को कंपनी के खाते में जमा नहीं करते हुए दोनों ने अपने निजी कार्य में खर्च किया। आरोपी ने गबन के पैसों से घरेलु वस्तुएं, सामान, जेवर, मोबाइल फोन, लैपटॉप आदि की खरीदी की। पुलिस ने आरोपी लक्ष्मण यादव को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कार्रवाई में थाना मणीपुर से प्रधान आरक्षक सतीश सिंह, सायबर सेल से प्रधान आरक्षक सुधीर सिंह, मनीष सिंह इत्यादि सक्रिय रहे।



## विवि ने गोद ग्राम पंडोनगर में चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के विधिक अध्ययन विभाग द्वारा गोद ग्राम पंडोनगर में शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विवि के विभागाध्यक्ष व अन्य प्राध्यापकों द्वारा ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के साथ ही मतदान के प्रति जागरूक किया गया। एसजीजीयू विधिक विभाग के विभागाध्यक्ष समन नारायण उपाध्याय ने बताया कि शिविर के दौरान ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण व पेड़ पौधों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इसे साथ ही लोगों को पानी के प्रति जागरूक किया। पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों से पेड़ लगाने का आह्वान किया गया। इसके साथ ही लोकतंत्र के महापर्व आम चुनाव में लोगों को मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक करते हुए मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान कॉलेज से उषा अग्रवाल, डॉ. नीमा कमर, अंकिता केसरी, नसीमुद्दीन खान, छात्र सुनील, योगेन्द्र तथा ग्रामवासी की उपस्थित थे।

## उधार के 100 रुपए मांगने पर युवक ने किया महिला पर टांगी से हमला



**अंबिकापुर।** उधर में दिए गए 100 रुपए मांगने गई महिला पर युवक ने महिला के साथ ही पत्नी व भाई पर टांगी से हमला कर दिया। इस घटना में महिला को गंभीर चोट आई है। घायल महिला की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का प्रयास के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कमलेश्वरपुर थाना अंतर्गत ग्राम कुनिया निवासी सुखनी बाई उर्फ मनई पति बागेश्वर मांझी 24 मार्च को दोपहर एक बजे गांव के सबल मांझी के पास अपना उधारी पैसा 100 रुपए मांगने गई हुई थी। इस दौरान आरोपी ने उससे कहा कि होली के दिन पैसा मांगने आई है और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। जब महिला ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने टांगी से महिला पर हमला कर दिया जिससे उसके बाएं कंधे पर चोट आई है। विवाद के दौरान बीच बचाव करने आई सबल साय की पत्नी लटी बाई और भाई इंजोर साय पर भी जानलेवा हमला कर दिया घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस द्वारा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके साथ ही महिला की शिकायत पर पुलिस द्वारा ग्राम कुनिया निवासी 35 वर्षीय सबल माझी आ. जमुना माझी को धारा 294, 506, 323, 307 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। इस कार्रवाई में थाना कमलेश्वरपुर से प्रधान आरक्षक अखिलेश भगत, आरक्षक देवदत्त सिंह, आदेश कुमार आदि सक्रिय रहे।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**अंबिकापुर।** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लखनपुर बंधा निवासी युकेश मुंडा की दोस्ती युवती से इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी। युवक युवती आपस में बातचीत करते थे और अक्टूबर 2023 में आरोपी युकेश और युवती की मुलाकात अंबिकापुर बस स्टैंड में हुई थी और 5 अक्टूबर को युकेश मुंडा पुनः उदारी मोड़ के पास उससे मिलने के लिए आया और उसे प्यार करने और शादी करने का झांसा देकर बुलगा कर्चाडांड़पारा स्कूल के पीछे ले गया और शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद आरोपी पुनः नवम्बर माह में उसके साथ दुष्कर्म किया और युवती पांच माह की गर्भवती हो गई थी। आरोपी युवती को अपने घर लखनपुर ले गया और दो सप्ताह घर में रखा। इसके बाद आरोपी के माता पिता के कहने के बाद रिस्तेदार मामा मामी और मौसी युवती को उसके घर छोड़ने के लिए गए। जब युवती ने आरोपी को बताया कि वह गर्भवती है तो आरोपी ने उससे शादी करने से मना कर दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा युवती की शिकायत पर आरोपी लखनपुर बंधा निवासी 21 वर्षीय युकेश मुंडा को धारा 376(2)(ढ) के तहत गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में थाना लुंड्रा से प्रधान आरक्षक प्रबोध मिंज, चौकी रघुनाथपुर से आरक्षक राकेश एक्का, अरविंद तिवारी, इदरिश खान, उमेश खुंटिया सक्रिय रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736







